## सार-समाचार

### छोटी सरवन मंडल की बैठक



**बांसवाड़ा**, (निसं)। भाजपा छोटी सरवन मंडल कार्यसमिति की बैठक में केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने पर चर्चा की गयी। मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री मुकेश रावत, पूर्व मंत्री दलिचन्द मईडा, पूर्व मंडल अध्यक्ष नारायण लाल मीणा रहे जबकि अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अर्जुन मईडा ने की। इस अवसर पर एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष परमेश्वर मईडा, दानाक्षरी सरपंच, कालूराम मईडा, ओबीसी मंडल अध्यक्ष ईश्वरलाल, माखनलाल, नाथूलाल धीरज मल, मोगाराम, रामचंद्र नानूराम धूलेश्वर, रामलाल, हरीश सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन प्रेम सिंह भाटी ने किया जबकि आभार नीलम भाटिया ने माना।

### गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम

**कपासन**, (निसं)। भारत विकास परिषद द्वारा किया गया गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डा. राम सिंह चुण्डावत, अध्यक्षता कमल कुमार दाधीच अध्यक्ष ने की. विशिष्ट अतिथि श्री कृपालु महाराज मनगढ आश्रम की परम शिष्या कृष्णा देवी, अतिरिक्त जिला परियोजना अधिकारी राजसमंद घन श्याम गौड़ , परिषद के प्रांतीय समन्वयक प्रभु लाल टेलर, उपाध्यक्ष बादशाह सिंह थे. अतिथियों ने माँ भारती व स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र पर माला अर्पण व दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. परिषद सदस्यों द्वारा अतिथियों को मेवाडी पगड़ी, उपरना, शाल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया. अध्यक्ष दाधीच ने स्वागत उदबोधन प्रस्तुत किया. प्रभु लाल टेलर ने गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की. इस अवसर पर 21 गुरु एवं बोर्ड परीक्षा मे 90 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 48 छात्र छात्राओ को स्मृति चिन्ह, शाल, उपरना एवं प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया. भामाशाह राजेंद्र काबरा को भी सम्मानित किया गया. काबरा विगत 38 वर्षो से मेधावी छात्रों को प्रतिवर्ष सम्मानित करते रहे है. आज के कार्यक्रम मे नवीन सदस्य आनंद कुमार दीक्षित, नरेंद्र जोशी को शपथ दिलाई गई. हैप्पी स्कूल प्रबंधक सुल्तान सिंह कोठारी का भी सम्मान किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने मे सोहन लाल उपाध्याय, बद्री लाल विजयवर्गीय, सुरेश पलोड, अशोक गौड़, रमेश चंद्र विजयवर्गीय, राधे श्याम वैष्णव, रोशन लाल विजयवर्गीय, आशा जोशी, रोशन लाल सेठ, राकेश व्यास,घन श्याम विजयवर्गीय, राजेश विजयवर्गीय,दिलीप बरेगामा, मूल चंद, कुमावत, विजय लक्ष्मी सोमानी,सुरेश बाफना, माँगी लाल बंजारा का सहयोग रहा. आभार व्यक्त नन्द लाल बोहरा सचिव ने किया. संचालन राहुल जैन ने किया।

### कटारिया के पंजाब के गर्वनर बनने पर खुशी का माहौल

**उदयपुर**, (कासं)। असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया पंजाब के गर्वनर नियुक्त किए है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आज जारी की गई राज्यपालों की नियुक्ति की सूची में गुलाब चंद कटारिया को पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ के प्रशासक पर नियुक्त किया है।गुलाब चंद कटारिया को मिली नई जिम्मेदारी के बाद उदयपुर के लोगो में खुशी का माहौल है। वहीं इस नियुक्ति के बाद शहरवासी टेलीफोन और सोशल मीडिया पर बधाईयो दे रहे है । इसी कडी में बडगांव उपप्रधान प्रताप सिंह राठौड के नेतृत्व में कटारिया को पंजाब का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर असम के गुवाहाटी स्थित राजभवन में जनप्रतिनिधियों के समूह द्वारा बधाई प्रेषित की गई । इस मौके पर गुवाहाटी गए जनप्रतिनिधियों में बडगांव उपप्रधान प्रताप सिंह राठौड, सापेटिया के पंचायत समिति सदस्य हीरा लाल डांगी, लखावली सरपंच मोहन लाल पटेल, समाजसेवी मनोहर सुथार और नारायण डांगी शामिल है । असम गए जनप्रतिनिधियों के समूह ने कटारिया को पंजाब का राज्यपाल बनाने पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें मिलकर शुभकामनाएं दी।

### डिवाइडर से टकराई कार

**डूंगरपुर**, (निसं)। जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र के आरा मोड के पास एक कार के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद सर्विस लेन पर चले जाने से कार में सवार युवक की मौत हो गई। जिसका मृतक के चचेरे भाई की रिपोर्ट पर पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द किया। बिछीवाडा के आरा मोड पर उदयपुर से अपने घर गांधीनगर लौट रहे कार सवार एक भाई की मौत हो गई। जानकारी अनुसार सरगासन गांधीनगर निवासी विपिनचंद्र और रवींद्र सिंह अपनी इको कार से उदयपुर से गांधीनगर जा रहे थे। कार को छोटा भाई रविन्द्र चला रहा था। तभी शाम को बिछीवाडा के आरामोड पर अचानक से कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जाकर टकरा गई और पलट कर सर्विस लेन पर चली गई। हादसे में कार सवार दोनो युवकों को गंभीर चोटे पहुंची जिन्हे 108 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

# प्राइमरी भवन का धार्मिक अनुष्ठान के साथ लोकार्पण

**कपासन**, (निसं)। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय कपासन में प्राइमरी भवन का लोकार्पण सांसद सी पी जोशी, और विधायक अर्जुन लाल जीनगर द्वारा नवनिर्मित भवन का मौली बंधन खोल कर व पट्टिका का अनावरण कर विद्यायल में प्रवेश किया।

आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सीपी जोशी थे अध्यक्षता विधायक अर्जुनलाल ने किया ओर विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शंभू लाल जाट, पूर्व प्रधान मोहब्बत सिंह राठौड़,नगरपालिका अध्यक्ष मंजु देवी सोनी, सरपंच संघ के अध्यक्ष प्रकाश चौधरी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डाक्टर राम सिंह चुंडावत, उपाध्यक्ष मांगीलाल अहीर, जिला महामंत्री रघु शर्मा, श्रवण सिंह राव, हर्षवर्धन सिंह, सरपंच संघ के अध्यक्ष प्रकाश चौधरी, सरपंच मोहनलाल जाट, रतन नाथ योगी सहित आदि थे। अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्य भेरूलाल वीरवार सहित आदि के द्वारा किया गया। लोकार्पण सांसद सी पी जोशी, और विधायक अर्जुन लाल जीनगर द्वारा नवनिर्मित भवन का मौली बंधन खोल कर व पट्टिका का अनावरण कर



स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय में प्राइमरी भवन का लोकार्पण सांसद सी. पी. जोशी, और विधायक जीनगर द्वारा नवनिर्मित भवन का मौली बंधन खोल कर व पट्टिका का अनावरण किया।

विद्यायल में प्रवेश किया। अतिथियों द्वारा प्रत्येक कक्षा में जाकर नन्हे मुन्ने बच्चों का तिलक लगाकर व माला पहना कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांसद महोदय व विधायक द्वारा विद्यायल में डोम, खेल हेतु सुविधाएं आदि मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विद्यायल के बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गयी। किस दुकान सरपंच संघ के अध्यक्ष प्रकाश चौधरी के नेतृत्व में सरपंच रतन नाथ योगी,विष्णु हेड़ा , रामेश्वर लाल जाट, पुष्पा भट्ट , कैलाश अहीर, प्रकाश लोहार , सहित आदि सरपंच ने सांसद सीपी जोशी का उपरना पहनाकर कर स्वागत किया गया, आदि कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य दिनेश पाराशर , चेयरमैन प्रतिनिधि आशीष सोनी,बार सोसिएशन के अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव , पूर्व ठाामीण मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा , दिलीप व्यास ,सहित आदि भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे उपस्थित रहे।

## कृष्ण गौशाला मादडी का किया अवलोकन

**राजसमंद**, (निसं)। कृष्ण गौशाला के जिलाध्यक्ष जेठूसिंह राजपुरोहित ने रविवार को महासतियों की मादडी कृष्ण गौशाला का अवलोकन किया। साथ ही जिला महामंत्री पोपटलाल माली एवं जिला मीडिया प्रभारी भरत रजक ने भी गौशाला का अवलोकन किया।

गौशाला के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष, महा मंत्री एवं मीडिया प्रभारी का स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि गौमाता हम गौ सेवकों के रग-रग में रमण करती है। जब तक इस शरीर में प्राण हैं हम गौमाता की सेवा में लगे रहेंगे।

गौशाला के अध्यक्ष मधु सूदन व्यास ने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि जिले की ही नहीं कहीं भी गौमाता निराश्रित नहीं रहे। कृष्ण गौशाला मादडी में रविवार को ट्रस्ट मंडल एवं कार्यकारिणी की अर्द्ध वार्षिक ट्रस्ट मंडल एवं कार्यकारिणी की बैठक में कई महत्व पूर्ण निर्णय लिए गए। महामंत्री राम सहाय विजयवर्गीय ने गौशाला में निर्माण कार्यों की प्रगति एवं रख -रखाव का विवरण प्रस्तुत किया। अनुदान एवं आय-व्यय का कोषाध्यक्ष दिलीप कोठारी ने विवरण प्रस्तुत किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्येन्द्र बडोला एवं तेजराम कुमावत ने गौशाला में गायों के खान-पान, पशुआहार आदि की चर्चा की। संरक्षक जगदीश चन्द्र लड्ढा ने पशु आहार की क्वालिटी एवं उपादेयता पर विस्तार से जानकारी दी। संरक्षक डूंगरसिंह कर्णावट एवं हरि भगवान बंग ने गौशाला को आदर्श गौशाला बनाने के सुझाव दिए।

## केंद्रीय मंत्री सी.आर.पाटिल का का स्वागत

**उदयपुर**, (कासं)। केंद्रीय मंत्री सी.आर. पाटिल का उदयपुर आने पर विप्र सैना के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा के नेतृत्व मैं विप्र सैना द्वारा स्वागत अभिनंदन किया । स्वागत करने में विप्र सैना के शहर जिलाध्यक्ष प्रदीप श्रीमाली , सम्भाग महामंत्री परमान्द शर्मा उपाध्यक्ष अम्बालाल नागदा ,योगेश जोशी सहित कई विप्र जन मौजूद रहे।

# जिस मानव में संवेदना नहीं वह केवल मात्र रोबोट समान : मुनिश्री

**डूंगरपुर**, (निसं)। धर्म में प्रवेश करने की पहली शर्त है आपका हृदय दया और करुणा से अत्यंत भरा हुआ होना चाहिए। जिस व्यक्ति के दिल अंदर दया भाव नही वो मानव कहलाने के लायक नही। धर्मक्रिया और धर्म दोनो अलग चीज है। सभी धर्मो में दया की बात आती हेए संत तुलती दास तो यहां तक कहत हैं जब तक शरीर में प्राण हो तब तक दया के भावों को नही छोडना चाहिए। यह बात मुनि श्री पवित्र रत्न सागर जी महाराज साहब ने प्रवचन में कही। पूज्य श्री ने कहा जिस इंसान के दिल में संवेदना नही एवेदना नही होती वो जीता जागता रोबोट है।

सामने वाले ने आपको कितना ही दुख क्यू ना दिया हो एआपको उसके लिए शुभ भाव ही रखने चाहिए। जीवन में सुख चाहते हो तो दुसरो को सामने से सुख दो। छोटे छोटे लोगो को हमेशा मदद करना ये मानवता हे। मनुष्य बन गए मगर मानवता नही आई तो मनुष्य जन्म बेकार हे। पूज्य श्री ने बताया दुसरो को दुख देना ये पाप हे तो शक्ति होते हुए भी दुसरो के दुख को दूर नही करना ये महा पाप हे। प्रभु महावीर के जीवन की यही पहचान



नेमिनाथ मंदिर के पुण्य प्रवचन हॉल में व्याख्यान देते मुनिश्री।

थी संवेदना। सभी तीर्थकरों की अलग अलग माता हो सकती है मगर तीर्थकर को जन्म देने वाली एक करुणा ही होती है। जिस तरह से कठोर भूमि में अनाज नही उगता उसी तरह कठोर दिल में धर्म नही पनपता। बढती जा रही महंगाई से ज्यादा गंभीर प्रश्न कम होती जा रही मानवता का हे। हृदय को कोमल बनाए बिना तीनों काल में कल्याण नही है। इंसान की कोख से जन्म लेकर अगर इंसान से प्यार ना कर पाए तो भगवान से केसे प्यार कर सकते है। सभी आत्मा में परमात्मा के दर्शन करोगे तो स्वार्थ भाव नही आयेगा। इसके साथ ही अगले रविवार 4 अगस्त को पूरे भारत भर में होने जा रहे सार्ध शताब्दी महोत्सव के अंतर्गत आगमोद्धारक आनंद सागर सूरीश्वर जी महाराज की 15० वी जन्म जयंती के उपलक्ष्य में समूह सामायिक और गुणानूवाद का आयोजन किया गया है।

## सार-समाचार

### विप्र सेना पदाधिकारियों की बैठक



**डुंगरपुर**, (निसं)। ब्राह्मण समाज के प्रगतिशील संगठन विप्र सेना द्वारा आयोजित जिला अधिवेशन का आयोजन रविवार को संपन्न हुआ। जिसमें जिले भर के जिला पदाधिकारी एवं विधानसभा प्रतिनिधियों ने भाग लिया। रविवार को डुंगरपुर में हुई संगठन की जिला पदाधिकारियों की बैठक में संगठन के प्रदेश मंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। शर्मा ने पदाधिकारियों को संबोधित किया। बैठक में संगठन के जिले में अगले एक वर्ष में होने वाले आयोजनों, वार्षिक कैलेंडर, संगठन विस्तार, संगठन संरचना सहित विभिन्न अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रदेश मंत्री विजय शर्मा शर्मा ने सभी पदाधिकारियों से कहा कि अब मिशन मोड में काम करना होगा और एक बडे लक्ष्य को केंद्र मान कर उसे पूर्ण करने की ओर बढना होगा। पदाधिकारियों को कहा गया कि वह सोशल मीडिया पर एग्रेसिव होकर अपनी बात कहें और सोशल मीडिया के जरिए संगठन की सभी गतिविधियों को देश प्रदेश में बैठे समाजबंधुओं और अन्य सभी लोगों तक पहुंचाएं, संगठन के पदाधिकारी जो सेवा कार्य, सामाजिक सरोकार को भी प्रसारित करना है। समाज के साथ हो रहे अत्याचारों एवं उनकी आलोचनाओं को भी उतनी ही मुखरता से प्रसारित करें। जिला अध्यक्ष जितेन्द्र मेहता ने विजन डॉक्यूमेंट 2026 पर बताया की राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, कर्नाटक, गुजरात, झारखंड में संगठन ने अपने पैर जमा लिए हैं और आगामी वर्ष में जिले में 10000 कार्यकर्ताओ को संगठन से जोडा जाएगा। नगर अध्यक्ष महेश त्रिवेदी ने संघटन की स्थापना पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विप्र सेना के महामंत्री दिलीप फलोत, गणेश जोशी, हरीश मेहता, संरक्षक एम डी वैष्णव, नारायण पण्ड्या, दिनेश गामोट, योगेश जोशी, गोपाल सेवक, आदि ने अपने वक्तव्य दिये। इस अवसर पर दिलीप पहाड, मनीष सेवक, दिनेश चौबीसा, हेमेंद्र चौबीसा, श्याम श्रीमाली, जिला संयोजक अमरीश पहाड, महिला प्रकोष्ठ की नगर अध्यक्ष स्वाति पारिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष कामना चौबीसा आदि मौजूद आभार जितेंद्र मेहता ने जताया और संचालन महेश त्रिवेदी ने किया।

### पदाधिकारियों का किया सम्मान

**डूंगरपुर**। रविवार को विप्र फाउंडेशन की बैठक का आयोजन रमा कुंवर उण्माण्विद्यालय में हुआ। बैठक की अध्यक्षता समाज कल्याण विभाग निदेशक अशोक शर्माद्वारा एवं बतौर विशिष्ट अतिथि नारायण पण्ड्या, मनोज शर्मा, श्रीधर शर्मा, ललित शुक्ला व रोशनी पण्ड्या थे। इस अवसर पर नव निर्वाचित पदाधिकारियों को उपरणा ओढा कर एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शर्मानेअपने उद्धबोधन में सरकारी योजनाओं की पूर्ण जानकारी प्राप्त कर उसका लाभ प्राप्त करने हेतु सदैव प्रयत्नशील रहने पर बल दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पण्ड्या ने परशुराम की स्थापित मूर्ति की जगह पर यथा संभव शीघ्र मंदिर निर्माण करने की बात कही। अध्यक्ष ललित उपाध्याय द्वारा मंदिर निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने एवं युवाओं के शैक्षणिक स्तर में अभिवृद्धि हेतु नि:शुल्क कोचिंग सेंटर की स्थापना करने का आश्वासन दिया। योगेश चन्द्र पण्ड्या ने समाज के हर व्यक्ति के साथ पारिवारिक संबंध बनाते हुए उसके सुख-दुख में पूर्ण सद्भाव से सहयोग देने की बात कही।बैठक में डॉ. रजनी शर्मा, मैना व्यास, मनिषा पण्ड्या, कीर्ति उपाध्याय, विपिन कुमार व्यास, बाबूलाल व्यास, हीरा लाल गामोट, पंकज कुमार पण्ड्या, सुशील शर्मा, रविश शर्मा, अजय शर्मा, अजय जोशी, जयेश मकात, दिव्य शर्मा, मिलन शर्मा, योगेश चौबीसा, मृगेन्द्र कुमार चौबीसा, खुशाल जोशी, उमेश चन्द्र रावल, विजय कुमार रावल, रमेश जोशी आदि कईविप्र उपस्थित रहे। आभार जिला महामंत्री प्रशान्त चौबीसा ने ज्ञापित किया। कार्यऋम का संचालन चिराग व्यास ने किया।

### द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं आज से

**बांसवाड़ा**, (निसं)। गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के बीए, बीकॉम, बीएससी फर्स्ट ईयर और एमए, एमकॉम और एमएससी प्रीवियस के सेकंड सेमेस्टर की परीक्षाएं आज सोमवार से दो पारी में शुरू होगी। कुलपति प्रो केशव सिंह ठाकुर ने परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को शुभकामना सन्देश प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को परीक्षा के महत्त्व और इसमें धैर्य, नियमित उद्देश्यनिष्ट परिश्रम करने का सन्देश दिया। कुलसचिव राजेश जोशी ने बताया कि बीए, बीकॉम, बीएसी फर्स्ट ईयर एवं एमए, एमकॉम एवं एमएससी प्रीवियस परीक्षा में बांसवाडा, डूंगरपुर एवं प्रतापगढ जिलों के लगभग तैंतीस हजार रेगुलर, प्राइवेट विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिये 54 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गये हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो मनोज पंड्या ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षाओं के पारदर्शी ऋियान्वयन के लिये परीक्षा केन्द्रों के औचक निरीक्षण के लिये दल गठित किए जा रहे हैं जो केन्द्रों का औचक निरीक्षण करेंगे वहीं विश्वविद्यालय ने परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए सभी केन्द्राधीक्षकों को विशेष निर्देश दिये हैं।

# गुप्तेश्वर महादेव से परशुराम महादेव का जलाभिषेक करने निकले कावड़िये

**राजसमंद**, (निसं)। गुप्तेश्वर महादेव मन्दिर से आशीष पाकर कावडियों का रेला रविवार सुबह कुम्भलगढ स्थित मेवाड के केदारनाथ परशुराम महादेव मन्दिर का जलाभिषेक करने निकले तो माहौल शिवमय हो गया। कावड यात्रा आयोजन समिति के अध्यक्ष युधिष्ठिर बोहरा ने बताया कि कांकरोली स्थित 972 वर्ष प्राचीन स्वयंभू शिवलिंग गुप्तेश्वर महादेव मन्दिर परिसर से सुबह 8 बजे पंडितों के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ महादेव और कावड की आरती पूजन किया गया। करीब आधे घण्टे के बाद हर महादेव के जयकारों के बीच

- **कावडियों के चरण धोकर स्वागत किया, फूल बरसाये**

बाबा बर्फानी की झांकी सहित कावडिये आगे बढे तो शहरवासियों ने यात्रा का स्वागत किया। गौरतलब है कि कावड यात्रा में धोईन्दा से भी कावडिये कावड लेकर सम्मिलित होंगे। 151 कावडियों ने गुप्तेश्वर महोदव मन्दिर से रवाना होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए सनवाड होते हुए परशुराम महादेव के लिए कुंच किया। इस दौरान दिनेश पालीवाल, हेमंत गुर्जर, युधिष्ठिर बोहरा, जिग्नेश कुमावत, तुलसीराम कुमावत, रतन लक्ष्कार, भैरुलाल कुमावत, संदेश पगारिया, गौरव कुमावत, अरुणसिंह पंवार, शंकर सचदेव, पारस सेन, पन्नालाल कुमावत, गोपाल रजक,




शोभायात्रा में शामिल कांवड ले जाते कावडिये।

गेहरीलाल कुमावत महेश पूर्बिया, गौतम स्वर्णकार, चेतन पूर्बिया, शिवलाल कुमावत, विपिनसिंह, लीलाधर कुमावत, शंकर साहू, भावेश कुमावत, अर्जुन कुमावत, गणेश माली, निलेश पालीवाल, राजाराम कुमावत, मुकेश पालीवाल, रतनलाल कुमावत, जगदीश कुमावत, मदनलाल गुर्जर, पंकज कुमावत, पंकज छीपा, प्रतीक कौशिक, उमेश इत्यादि कार्यकर्ता शामिल थे। इस बीच जगह -जगह कावड यात्रा का स्वागत किया गया। सिंधी समाज सेवा समिति, चोरडिया मार्केट के द्वारा पुष्प और फल वितरण किए गए। पुराना बस स्टेशन पर उप सभापति चुन्नीलाल पंचोली, पार्षद मोहन कुमावत ने शोभायात्रा पर फूल बरसाये। वहीं जलचक्की पर सभापति अशोक टांक, पार्षद हेमन्त रजक के नेतृत्व में लोगों ने कावड यात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा का मण्डा किशोर नगर, राजनगर, बाटेश्वर महादेव सेवा समिति के सदस्यों ने मधुसुधन सोनी के नेतृत्व में कावडियों के चरणों को धोकर स्वागत किया। कावड यात्रा का मार्गो में सनवाड, मुंडोल, पुठोल आदि क्षेत्रों में दर्जन भर स्थानों पर स्वागत किया गया। पुठोल में जगदीश पालीवाल के नेतृत्व में मोरवड, धर्मेटा, पिपलांत्री, पुठोल आदि गांवों के लोगों ने कावडियों का स्वागत कर अल्पाहार कराया तथा उसके बाद रात्रि विश्राम केलवाडा में कर कावडियें सुबह मंगला आरती के बाद परशुराम महादेव के लिए प्रस्थान किया तथा राजसमन्द की खुशहाली सुख शांति के लिए महादेव का जलाभिषेक करेंगे।

## 'पदोन्नति की पूर्ववत व्यवस्था की जाये बहाल'

**बांसवाड़ा**, (निसं)। राज्य में शिक्षा विभाग ने हाल ही में प्रतिभाशाली व्याख्याताओ को उप प्रधानाचार्य पद पर पदोन्नत किया है उन सभी को विषयानुसार पदस्थापन नहीं दिया है जिससे उनके मूल विषय के अध्यापन कार्य से पहले से ही वंचित कर दिया है। शिक्षक नेता गमीरचंद पाटीदार ने बताया कि वाइस प्रिंसिपल के जॉब चार्ट में प्रति सप्ताह 18 कालांश अध्यापन कार्य करवाने एवं पीईईओ क्षेत्र की प्राइमरी स्कूलों का माह में एक बार निरीक्षण करने के मुख्य काम है लेकिन कई उमावि जो पीईईओ क्षेत्र की नहीं है उनमें भी वाइस प्रिंसिपल का पदस्थापन किया है। इसके अतिरिक्त महात्मा गांधी, विवेकानंद मॉडल स्कूल, पीएमश्री विद्यालयो में भी वाइस प्रिंसिपल का पद दिया है। ऐसे में इन स्कूलो में वाइस प्रिंसिपल के पास तो प्राइमरी स्कूलों के निरीक्षण का कार्य भी नहीं रहा वहीं उनके मूल विषयवार पदस्थापन नहीं दिए जाने से जिन स्कूलों में उनका विषय ही नहीं है या उनकी स्कूलो में पहले से ही व्याख्याता मौजूद है वहां पदस्थापन दिए जाने से अध्यापन का काम भी नहीं रहा। इस प्रकार इन प्रतिभाशाली व्याख्याताओ को वाइस प्रिंसिपल के पद पर पदोन्नत कर उन्हें अपने मूल विषय के अध्यापन से दूर कर दिया तथा जॉब चार्ट के विपरीत कार्य लेने को मजबूर किया गया है। ऐसे में अधिकांश वाइस प्रिंसिपल अनार्थिक हो गए है।

# इसरो की वैज्ञानिक टीम ने विद्यार्थियों से किया संवाद



वैष्णव गणेश दास लक्ष्मण दास विद्या भवन राउमावि बोरज में संवाद कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में पौधारोपण करते इसरो के वैज्ञानिक डॉ मुकेश गुप्ता एवं विद्यालय स्टाफ।

**राजसमंद**, (निसं)। इसरो टीम के वैज्ञानिक डॉ मुकेश गुप्ता (ड्रोन प्रोजेक्ट इंचार्ज) ने जिले की वैष्णव गणेश दास लक्ष्मण दास विद्या भवन राउमावि बोरज में छात्राओं से संवाद किया। इसरो की टीम ने छात्रों से विज्ञान के संदर्भ में जिज्ञासा जागृत करते हुए ड्रोन सैटेलाइट, जीपीएस गूगल एवं दैनिक जीवन में काम आने वाले वैज्ञानिक तकनीक के बारे में संवाद करते हुए विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। उत्सुक छात्रों ने विभिन्न तरह के प्रश्न पूछ करके वर्तमान समय के तकनीकी सिस्टम को समझने का प्रयास किया। इसरो की टीम में डॉ मुकेश गुप्ता, इंजीनियर वैज्ञानिक कोनिका पालीवाल, पर्यावरणविद् राहुल मित्तल, वनस्पति विशेषज्ञ उपस्थित थे। प्रिंसिपल गोपाल कृष्ण गर्ग ने अतिथियों का स्वागत सत्कार किया। उप प्राचार्य नारायणसिंह राव ने इसरो टीम का परिचय देते हुए विषय वस्तु की भूमिका से छात्रों को अवगत कराया। सरपंच डिंपल कंवर खरवड ने छात्रों को अपने अध्ययन कार्य के प्रति गंभीर रहते हुए पेड लगाने का आव्हान करते हुए आगे बढाने की प्रेरणा का उद्बोधन प्रदान किया। इसरो की टीम ग्राम पंचायत दल एवं स्टाफ ने पौधारोपण करने हरित राजस्थान अभियान में सहभागिता प्रदान की। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी महावीरसिंह चारण, कैलाश कुमार कंसारा, हरिराम माली, विकास कुमार, अनीता चौधरी, रेखा कुमारी खटीक सहित स्टाफ उपस्थित था।